दिनांक 6 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम के सामान्य सभा से दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित, चर्चा के बाद 12:00 बजे से पहले प्रस्ताव पर लगी मुहर

भिलाई नगर/ भिलाई निगम मुख्य कार्यालय के सभागार में आज प्रातः 11:00 बजे विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वे का क्वांटीफायबल डाटा का अनुमोदन तथा राज्य स्तरीय सी मार्ट की स्थापना हेतु भवन एवं भूमि के चयन का प्रस्ताव समय 12:00 बजे से पूर्व सामान्य सभा से पारित हो गया। सभापति गिरवर बंटी साहू की अध्यक्षता , महापौर नीरज पाल एवं नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे की उपस्थिति में विशेष सम्मेलन पर दोनों प्रस्तावों पर चर्चा हुई। चर्चा उपरांत प्रथम प्रस्ताव अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वे का क्वांटीफायबल डाटा का अनुमोदन को समय प्रातः 11:27 पर पारित किया गया दूसरे प्रस्ताव को प्रातः 11:51 पर पारित किया गया। सामान्य सभा प्रारंभ करने से पूर्व सदन में उपस्थित सभी ने राष्ट्रगीत एवं राज्य गीत एवं सामान्य सभा समाप्त होने पर राष्ट्रगान का गायन किया। सभागार में प्रमुख रूप से महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू , सीजू एंथोनी , एकांश बंछोर , संदीप निरंकारी , साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, नेहा साहू, आदित्य सिंह, रीता सिंह गेरा , चंद्रशेखर गवई, लाल चंद वर्मा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे, निगम के अधिकारी अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा , नोडल अधिकारी प्रीति सिंह आदि मौजूद रहे।